# सीएनजी सिलेंडरों से भरा ट्रक पलटा, गैस रिसाव से मची अफरा-तफरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** शहर के कमला नगर थाना क्षेत्र के भदभदा चौराहे पर शुक्रवार देर रात को सीएनजी सिलेंडरों से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटने के साथ ही सिलेंडरों से गैस का रिसीव होना शुरु हो गया। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। यह ट्रक रातीबड़ से भोजपुर की ओर जा रहा था। तत्काल राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड और सीएनजी स्टेशन की तकनीकी टीम को सूचना दी गई। तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर लीक हो रहे सिलेंडरों से रिसाव बंद करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें तुरंत सफलता नहीं मिली। टीम का कहना था कि पूरी गैस निकलने के बाद इनको हटाया जा सकता है। इसके बाद गैस रिसाव होने के बाद ट्रक को हटाने का काम किया जा रहा है।

## ◆ छह सिलेंडरों से हो रहा था गैस रिसाव

कमला नगर टीआइ निरुपा पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। सीएनजी के सिलेंडरों को लेकर यह ट्रक रातीबड़ के एक पेट्रोल पंप से भोजपुर की तरफ डिपो जा रहा था। भदभदा पर अनियंत्रित होकर यह पलट गया। उसमें से छह से सात सिलेंडर के नोजल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उनसे गैस रिसाव को रोकने के लिए लगातार फायर ब्रिगेड से पानी की बौछारें करवाई गई थी, ताकि किसी तरह से आग नहीं भड़के। सीएनजी की तकनीकी टीम देर रात तक गैस रिसाव बंद करने की कोशिश में जुटी रही। आखिरकार काफी देर बाद तकनीकी टीम को गैस रिसाव बंद करने में सफलता मिली। फिलहाल ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# 63 पदों के लिए वन सेवा मुख्य परीक्षा 2021 कल, 1700 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**भोपाल।** मप्र लोकसेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने रविवार को राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2021 रखी है। सरकारी और निजी कालेजों में परीक्षा के लिए केंद्र बनाए है। जहां परीक्षार्थियों को बिठाने की व्यवस्था की गई है। मात्र एक सत्र में होने वाली परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक चलेगी। नकल रोकने के लिए आयोग ने पुख्ता इंतजाम किए है। उड़नदस्ता केंद्रों पर निगरानी रखेगा। आयोग के मुताबिक, प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 1700 परीक्षार्थी पूरे प्रदेश से परीक्षा देंगे। बीते साल आयोग ने राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2021 का रिजल्ट घोषित किया। 63 विभिन्न पदों के लिए 1206 मुख्य सूची और 569 प्राविधक सूची में बनाई। वेबसाइट पर मप्र लोकसेवा आयोग ने जानकारी अपलोड कर दी है। प्रदेशभर के कई शहरों में परीक्षा के लिए केंद्र बनाए है। काफी इंतजार करने के बाद आयोग ने राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 20 अगस्त को रखी है।


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 44 | इंदौर, शनिवार 19 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# तेज होती जा रही सियासी रस्साकशी

## कांग्रेस के आरोप पत्र को शिवराज ने नकारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी रस्साकशी तीव्र होती जा रही है। शुक्रवार को राजधानी में कांग्रेस ने शिवराज सरकार के खिलाफ आरोप-पत्र जारी किया। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज ने कांग्रेस पर जवाबी हमला बोला और उसके आरोपों को नकारते हुए इसे उसकी बौखलाहट बताया। शिवराज ने कहा कि कांग्रेस बौखला गई है, इसलिए ऊल-जलूल आरोपों पर उतर आई है। लेकिन हमें जनता का जो प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है, वह अद्भुत और अभूतपूर्व है। जन दर्शन में भीड़ उमड़ रही है। हमारी कई यात्राएं भी प्रारंभ होने वाली हैं। इसी को देखकर कांग्रेस परेशान है।

### हमारे सेनापति मैदान में आ गए

चुनावी तैयारियों को लेकर शिवराज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से मैदान में है। युद्ध स्तर पर हमारी तैयारियां चल रही है। कांग्रेस कह रही थी कि एक साल पहले उम्मीदवार घोषित करेंगे, 6 महीने पहले उम्मीदवार घोषित करेंगे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने तो अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। हमारे सेनापति अब मैदान में हैं।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का हो रहा क्रियान्वयन

उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि विकास पर्व चल रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। अलग-अलग गरीब कल्याण और जनकल्याण के कार्यक्रम लगातार किए जा रहे हैं। अभी 22 तारीख को मुख्यमंत्री सीखो और कमाओ योजना का शुभारंभ होने वाला है। लाड़ली



बहना जैसी कई योजनाएं हम लोग पहले से ही चला रहे हैं।

### हमारी तैयारी देखकर कांग्रेस परेशान

शिवराज ने कहा कि हमारी तैयारी देखकर कांग्रेस परेशान है। अभी 20 तारीख को फिर से हमारे नेता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी भोपाल आ रहे हैं। वह सबका रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। हमने जो काम किया है, उनके बारे में बताएंगे। हमारी विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक फिर ग्वालियर में 20 तारीख को होने वाली है।

### ◆ विजय और विश्वास का संकल्प

विधानसभा के सम्मेलन चल रहे हैं, जन दर्शन चल रहे हैं, अलग-अलग कार्यक्रम चल रहे हैं। हम लोग विजय के संकल्प और विश्वास के साथ मैदान में है। भारतीय जनता पार्टी फिर से भारी बहुमत से 2023 का विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली है। 2024 में लोकसभा की 29 की 29 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतेगी।

**मध्यप्रदेश मानसून अपडेट**

# तवा डैम के गेट आज खुल सकते हैं, भोपाल-इंदौर समेत 28 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में दो दिन से बारिश हो रही है। यह सिस्टम पश्चिमी हिस्से भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में भी एक्टिव है। शनिवार को प्रदेश के 28 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है।

नर्मदापुरम में नर्मदा नदी पर बने तवा बांध का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार सुबह 9 बजे जलस्तर 1163 फीट पर पहुंच गया। कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश होने से लगातार बांध में पानी आ रहा है। आज बांध के 5 गेट को 5 फीट तक खोलकर 42430 क्यूसेक पानी छोड़ा जा सकता है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में लो प्रेशर एरिया डेवलप हुआ है। इससे पूर्वी हवाएं मध्यप्रदेश में एक्टिव हैं। यह सिस्टम छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ेगा। इस वजह से पश्चिमी हिस्से उज्जैन, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, चंबल संभाग में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

**ओवरऑल बारिश का आंकड़ा 8% कम-** IMD भोपाल के अनुसार पिछले कई दिनों से मानसून ब्रेक था। इस कारण ओवरऑल बारिश के आंकड़े में गिरावट आई। अब चूंकि फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में यह आंकड़ा बढ़ेगा। अभी प्रदेश में सामान्य से 8% कम बारिश हुई है। पूर्वी हिस्से में औसत से 4% कम और पश्चिमी हिस्से में 11% कम बारिश दर्ज की गई है।

# नेता प्रतिपक्ष का मुख्य चुनाव आयुक्त को लेटर, चीफ सेक्रेटरी इकबाल सिंह को हटाने की मांग

**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को हटाने की मांग की है। मुख्य चुनाव आयुक्त को लेटर लिखकर नेता प्रतिपक्ष ने उन्हें अक्षम बताया है। पद से हटाकर किसी नए अधिकारी को चीफ सेक्रेटरी बनाने का अनुरोध किया है। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को 6 महीने का एक्सटेंशन मिला है। उनका कार्यकाल मई 2023 में खत्म होने वाला था। एक्सटेंशन 1 जून से 30 नवंबर 2023 के लिए है। बैंस 1985 बैच के IAS हैं। उनका रिटायरमेंट 30 नवंबर 2022 को हुआ था। तब भी राज्य सरकार ने उन्हें 6 महीने (मई 2023) तका एक्सटेंशन दिया था।

# बड़वानी में लव जिहाद का मामला

## प्रदर्शन के बाद मुकदमा दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी। बड़वानी में बजरंग दल ने एक मुस्लिम युवक और हिंदू युवती का निकाह रुकवा दिया। बजरंग दल ने जमकर हंगामा किया। नारेबाजी करते हुए कोतवाली थाने पहुंचे और दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। बजरंग दल के सदस्य मामला दर्ज करने की मांग करने लगे, जिसके बाद पुलिस ने रेप और धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।**

मामला पाला बाजार का है। एसपी पुनीत गहलोत ने मौके पर पहुंचकर नारेबाजी रुकवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक-युवती के परिवारवालों के बयान भी लिए जाएंगे। एसपी ने कहा कि कई जगहों में पथराव और दुकानें बंद करने की बात झूठी है। जनता से अपील है कि वो इलाके में शांति बनाए रखें। अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस की साइबर सेल शरारती तत्वों पर ध्यान रख रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारियों की चेतावनी के बाद एक्शन में नगरनिगम

## रिमूवल गैंग पहुंची राजबाड़ा, कहा- फुटपाथ खाली नहीं किया तो कल सामान जब्त करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजवाड़ा, क्लाथ मार्केट सहित 13 से अधिक व्यापारी संगठनों की चेतावनी के बाद अंततः इंदौर नगर निगम एक्शन में आ गया। अफसरों ने रिमूवल गैंग के साथ शुक्रवार को राजवाड़ा क्षेत्र का दौरा किया। यहां फुटपाथ पर कब्जा करने वाले व्यापारियों को सख्त लहजे अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। यह भी कहा कि यदि सामान और दुकान नहीं हटाई तो शनिवार से सामान जब्ती की कार्रवाई होगी।**



अधिकारियों ने राजवाड़ा क्षेत्र के पीपली बाजार, खजूरी बाजार, इमाम बाड़ा क्षेत्र में पैदल दौरा किया। इस दौरान सराफा थाने का बल भी मौजूद था। नगर निगम की गाड़ियां लगातार अनाउंसमेंट करती रही कि जो भी अवैध कब्जा करके रखे हैं, वह व्यापारी फुटपाथ से सामान हटा लें।

बर्तन बाजार, मारोठिया बाजार, शीतला माता मार्केट में निगम टीम ने भ्रमण किया। इस दौरान कुछ व्यापारियों ने आपत्ति भी दर्ज कराई कि हम हमारी सीमा में ही व्यापार कर रहे हैं। टीम ने कुछ जर्जर बिल्डिंगों के नीचे लगने वाली दुकानों को भी को भी चिन्हित किया है। इन्हें शहर की जर्जर बिल्डिंग की सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान नगर निगम उपायुक्त लता अग्रवाल और पुलिस सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

हाल ही में इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त और पुलिस के अधिकारियों के साथ 13 व्यापारिक संगठनों ने बैठक की थी। महापौर भार्गव ने संगठन के लोगों को आश्वासन दिया था कि फुटपाथ और सडक़ पर कब्जे बर्दाश्त नहीं करेंगे। व्यापारिक बाजारों में दौरा करके पूरे मसले का स्थायी हल निकालेंगे।

महापौर ने कहा था कि ट्रैफिक को लेकर भी बड़ा प्लान बना रहे हैं। दो-चार दिन में रिजल्ट दिखने लगेगा। इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि महापौर ने नगर निगम की रिमूवल टीम को बिना पक्षपात सडक़ अवरुद्धता के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए हैं। पश्चिम क्षेत्र के 13 व्यापारिक संगठनों के समन्वयक अक्षय जैन, कैलाश मूंगड, अनिल रांका ने बताया कि महापौर भार्गव ने सभी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ कार्यालय में चर्चा की थी। फुटपाथ और सडक़ों के कब्जेधारियों के मसले पर उपायुक्त लता अग्रवाल को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। 13 एसोसिएशन की ओर से दिए गए मांग-पत्र में कहा गया था कि बांके बिहारी मंदिर, गोपाल मंदिर, इमामबाड़ा, जबरेश्वर महादेव मंदिर रोड, निहालपुरा, सराफा, पिपली बाजार, यशोदा माता मंदिर क्षेत्र, शक्कर बाजार, सीतला माता बाजार चौक से गोराकुण्ड चौराहे तक सबसे बड़े क्षेत्र क्लॉथ मार्केट में सभी ओर से अतिक्रमण के चलते ग्राहक निर्धारित शॉप तक नहीं पहुंच पाता है। इस पर महापौर ने कहा था कि पूरे क्षेत्र के लिए वृहद ट्रैफिक प्लान बन रहा है, उसके लागू होते ही बड़ी समस्या का हल दिखेगा।

### ◆ आधुनिक शौचालय बनाया जाएगा

इमामबाड़ा, सराफा चौराहा, सराफा, बौहरा बाजार चौराहा, सीतलामाता बाजार पर प्रतिदिन 20 हजार से ज्यादा महिलाओं की आवाजाही होती है लेकिन सुलभ शौचालय का अभाव है। महापौर ने कहा था कि दिक्कत का हल निकाल कर सुलभ शौचालय का निर्माण शुरू होगा। सराफा, पिपली बाजार वाले चौराहे का सुलभ शौचालय पीपीपी मोड पर बनेगा। इसकी शेष औपचारिक प्रक्रिया अमल में आते ही आधुनिक शौचालय का काम शुरू कर दिया जाएगा। यशोदा माता मंदिर और धान गली क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट का काम तत्काल हल करने के निर्देश दिए हैं।

# अगले हफ्ते आएंगे मेट्रो के कोच

## गांधी नगर डिपो से प्रायोरिटी कॉरिडोर तक सितंबर में होगा 6 किलोमीटर का ट्रायल रन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल अगले माह होगा। इसके लिए ट्रेन के कोच 25 अगस्त के बाद इंदौर पहुंचेंगे। यह ट्रायल गांधी नगर मेट्रो डिपो से कॉरिडोर के 6 किमी हिस्से में होगा। इसके लिए जोरशोर से तैयारियां चल रही है। मैदानी टीम दिन-रात जुटी है। चूंकि अभी बारिश नहीं है इसलिए अधिकारियों की कोशिश है कि इसका काम तेजी से हो। शुक्रवार को मेट्रो प्रोजेक्ट के एमडी मनीषसिंह कामों का जायजा लेने गांधी नगर डिपो पहुंचे।

ट्रायल शुरू करने के पूर्व अभी उससे संबंधित बचे कामों को पूरा किया जा रहा है। इसके लिए लगातार बैठकें हो रही हैं। इनमें बारीकी से सिविल वर्क का रिव्यू किया जा रहा है। प्लेटफार्म और मेट्रो ट्रेन के कोच का अलाइनमेंट प्रॉपर हो इस पर विशेष जोर दिया गया है क्योंकि ट्रेन के आने व रवाना होने के दौरान दरवाजों का खुलना और बंद होना खास होता है। इसके साथ ही सिविल, इलेक्ट्रिक, सिग्नल, पावर सप्लाई, कंट्रोलिंग सिस्टम, ट्रेन स्पीड, चेंज ओवर, सिग्नल नेटवर्क, प्लेटफार्म पर रुकने की स्पीड सहित अन्य कामों को पूरा किया जाएगा।

**वडोदरा से आएंगे कोच-** इन दिनों मेट्रो ट्रेन कोच का निर्माण सांवली (वडोदरा) में किया जा रहा है। ये कोच 25 अगस्त के बाद इंदौर पहुंचना शुरू हो जाएंगे। कोच मेन्युफेक्चर करने वाली कंपनी एल्सटॉम है। कोच इंदौर पहुंचने के बाद उन्हें जोडऩे का काम भी जल्द शुरू होगा। इसके लिए गांधी नगर व मेट्रो डिपो में टेस्टिंग ट्रैक के साथ ट्रायल ट्रैक भी तैयार हो चुका है। अभी इस छह किमी के हिस्से में ढाई हजार कर्मचारी दिन-रात काम में जुटे हैं।

# तीन चौराहों के लेफ्ट टर्न चौड़े करेगा निगम

इंदौर। ट्रेफिक व्यवस्था का चाक चौबंद बनाना निगम ने प्राथमिकता में रखा है। इसके लिए लगातार नवाचार के साथ ही यातायात सुधार को लेकर लाखों के काम भी कराए जा रहे हैं। इन कामों के पूरे होने पर काफी हद तक वाहन चालकों को राहत मिल सकेगी। निगम ने तीन इमली, भंवरकुआ और नवलखा के लेफ्ट टर्न चौड़ा करने की योजना बनाई है। शीघ्र ही बाधकों को चिन्हित कर काम शुरू किया जाएगा। इसमें सबसे बड़ा बाधक भंवरकुआ चौराहा स्थित शिव मंदिर है। इस मंदिर को हटाने कई बार निगम ने प्रयास किए, मगर सफलता हासिल नहीं हो पाई। मंदिर से सटकर इंदौर विकास प्राधिकरण फ्लायओवर ब्रिज का निर्माण कर रहा है।

## कटाक्ष




# थोक और रिटेल मंडी में सस्ती हुई सब्जियां, टमाटर के दाम भी गिरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बीते दिनों महंगाई की सुर्खियां बटोरने वाले टमाटर के साथ अन्य सब्जियों के दाम भी कमजोर पड़ गए हैं। सब्जियां थोक बाजार में सस्ती हो गई है। इसका असर खुदरा बाजार में भी दिख रहा है। आम लोगों को सब्जियों की महंगाई से राहत मिली है। साथ ही सब्जियों की आवक भी बढ़ गई है। चोइथराम सब्जी मंडी में महीनेभर पहले तक लोकल सब्जियों की आवक थम गई थी। अब मालवा-निमाड़ से सब्जियों की आवक अच्छी मात्रा में हो रही है।

टमाटर जो 20 दिन पहले तक 200 रुपये किलो बिक रहा था, अब 60 रुपये किलो बिक रहा है। थोक मंडी में टमाटर के दाम 25 से 30 रुपये किलो तक आ गए हैं। इसी तरह हरा धनिया जो 150 रुपये किलो बिका था। अब रिटेल बाजार में ही 20 से 30 रुपये किलो बिक रहा है। थोक मंडी में तो हरा धनिया 15 रुपये किलो तक बिक रहा है। यानी धनिया 20 दिन पहले के मुकाबले करीब 10 गुना सस्ता हो गया है।

थोक कारोबारी इमरान राईन के अनुसार, लोकल माल की आवक के कारण सभी सब्जियों के दाम में गिरावट है। खेरची बाजार में गिलकी, मैथी, पालक, करेला जैसी तमाम हरी सब्जियां 40 रुपये किलो की रेंज में आ गई है। थोक बाजार में 15 से 20 रुपये किलो के दाम पर बिक रही है। जो हरी मिर्च थोक बाजार में 35 रुपये किलो पहुंची थी और रिटेल में 80 रुपये किलो बिकी थी।

अब थोक बाजार में 15 से 20 रुपये किलो और खेरची बाजार में 40 रुपये किलो तक बिक रही है। आने वाले दिनों में सब्जियों की आवक और बढ़ेगी। ऐसे में दाम में और गिरावट की उम्मीद है। टमाटर की आवक बढऩे के साथ दाम और घटेंगे।

# दस्तूर गार्डन से लिफाफे और ज्वेलरी चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कपड़ा व्यवसायी के कार्यक्रम में चोर घुस गए। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी के बीच चोर नकदी और ज्वेलरी चुरा कर फरार हो गए। पुलिस गार्डन के कैमरे के फुटेज निकाल रही है। टीआइ मनीष मिश्रा के मुताबिक, दिनेश पुत्र राधेश्याम अग्रवाल निवासी सुदामा नगर (60 फीट रोड) द्वारा रिपोर्ट लिखवाई है। दस्तूर गार्डन में दिनेश के पोते हिमाक्ष का जलवा पूजन कार्यक्रम था। मेहमान और रिश्तेदारों द्वारा उपहार के तौर पर लिफाफे और आभूषण दिए गए थे। कार्यक्रम में कुछ लोग मेहमान बनकर आए और बैग चुरा कर ले गए।

# कम दबाव में सप्लाय हुआ पानी

## ◆ आज से नियमित जलप्रदाय, टैंकरों से किया वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बिजली की लाइन क्रास करने विद्युत वितरण कंपनी ने जलूद में शटडाउन किया था। इसके चलते शहर की 36 टंकियों से कम दबाव में पानी सप्लाय हुआ। आज 19 अगस्त को नियमित जलप्रदाय हो सकेगा। टंकियों से जुड़े जिन क्षेत्रों में पानी संकट रहा, वहां टैंकरों से आपूर्ति की गई।**

नर्मदा प्रोजेक्ट के कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना के लिए एनवीएडीए ने बड़वाह भकलाय ग्रिड पर 132 केवी बडवाह-बड़ेल लाइन के तार खींचे जाना थे। इसके लिए बिजली कंपनी ने शटडाउन लिया था। इस दौरान निगम द्वारा 132/33केवी सब स्टेशन भकलाय, एसएफ-6 ब्रेकर एचवी साइड ट्रांसफार्मर नंबर 2 का ब्रेकर में स्प्रिंग चार्ज मैकेनिज्म में सुधार कार्य किया गया। 11 केवी ट्रांसमिशन लाइन का 4 से 5 नंबर तक के जम्पर बदलने, पंप हाउस एवं सबस्टेशन पर मेंटेनेंस का कार्य किया गया। एबी रोड पर भंवरकुआ से समीप मां विहार टंकी को भरने वाली फीडर लाइन को मुख्य लाइन से जोड़ने का कार्य भी किया। इन कामों के चलने से नर्मदा के सभी पंप शुक्रवार को बंद किए गए।

### ये टंकियां खाली रही

शटडाउन के चलते बिलावली, खातीवाला टैंक, स्नेह नगर, उर्दू स्कूल, पीडब्ल्यूडी, यशवंत क्लब, कॉटन अड्डा, भागीरथपुरा, कुलकर्णी का भट्टा, एमआईजी, स्कीम नंबर 54, स्कीम नंबर 74, स्कीम नंबर 114 पार्ट 2, नानक नगर, स्कीम नंबर 94, मूसाखेड़ी, टूटी प्रेस जूनी इंदौर, प्रगति नगर, रेती मंडी, विदुर नगर, सूर्यदेव नगर, स्कीम नंबर 71, स्कीम नंबर 140, रेडियो कॉलोनी, साईंकृपा, मित्र बंधू, सर्वसुविधा नगर, कनाडिया, साईं कृपा कालोनी, तपेश्वरी बाग, समर पार्क कालोनी, स्कीम नंबर 114 पार्ट 1, स्कीम नंबर 78, स्कीम नंबर 136, लोहा मंडी और राजीव आवास विहार की टंकियां खाली रहे, जिससे इन टंकियों से जुड़े क्षेत्रों में पानी सप्लाय नहीं हो सका।

# सत्यसांई चौराहा सहित चार मार्गों पर बनेंगे फ्लायओवर ब्रिज

## 270 करोड़ होंगे खर्च, सेतु बंध योजना में टेंडर की स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में बढ़ता ट्रैफिक लगातार चिंता का सबब बनता जा रहा है। आने वाले दो-ढाई दशकों में सड़कों पर वाहनों की संख्या इतनी अधिक हो जाएगी कि पैदल चलना तक दूभर हो जाएगा। दिनोंदिन विकराल हो रही इस समस्या का हल फ्लायओवर ब्रिज का निर्माण करना है। आईडीए ने पिछले दिनों चार प्रमुख चौराहों पर ब्रिजों का निर्माण शुरू किया है। इसी क्रम में सत्यसांई चौराहा सहित चार अन्य मार्गों पर ब्रिज बनाने सेतु बंध योजना में टेंडर हो चुके हैं। यह ब्रिज 270 करोड़ से आकार लेंगे। सत्यसांई चौराहा पर ब्रिज की एक भुजा एलआईजी चौराहा तक रहेगी। इस दौरान करीब आधा किलोमीटर क्षेत्र में बीआरटीएस को ऊपर किया जा सकता है।**

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि गत दिनों उनके द्वारा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की गई थी। इस दौरान देवास नाका, सत्यसाईं चौराहा, मूसाखेड़ी, आईटी पार्क और रेतीमंडी चौराहा पर ब्रिज की मांग रखी थी। सांसद ने गड़करी को बताया था कि इन चौराहे पर यातायात का सर्वाधिक दबाव रहता है। खास बात यह है कि यह सभी ब्रिज सिक्स लेन बनेंगे। इससे यातायात जाम होने की समस्या पूरी तरह से हल हो जाएगी। इसी योजना के तहत पूर्व में भी बायपास पर 5 ब्रिज स्वीकृत किए जा चुके हैं। उनके निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए भूमिपूजन मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान अगले सप्ताह करेंगे।



# दिग्विजय ने स्कूली ड्रेस की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

## भ्रष्टाचार का आरोप लगा सीएम से की जांच की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में स्कूलों में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क बांटी जानी वाली यूनिफॉर्म की गुणवत्ता पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने सवाल उठाए है। उन्होंने यूनिफॉर्म बांटने में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।**

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। इसमें कहा कि प्रदेश के स्कूलों में बांटी जाने वाली यूनिफॉर्म की गुणवत्ता में कई शिकायतें प्राप्त हुई है। इन पर प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। दिग्विजय



सिंह ने उमरिया का उदाहरण देकर बताया कि कहीं बच्चों की यूनिफॉर्म छोटी बांट दी गई तो कहीं कुछ माह में उनकी यूनिफॉर्म फटने लगी। पूर्व सीएम ने सीएम से कहा कि शहडोल संभाग का उमरिया जिला अनुसूचित जनजाति बाहुल्य है। यहां पर बड़ी आबादी गरीब आदिवासी वर्ग की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी परिवार के बच्चों को खराब गुणवत्ता की यूनिफॉर्म बांटना सिर्फ भ्रष्टाचार का मुद्दा नहीं है। यह उनके साथ अत्याचार भी है। दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री से मामले में दलालों, ठेकेदारों और अधिकारियों के गठजोड़ की राज्य स्तरीय जांच करने के निर्देश दिए और दोषियों पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की।

# आयशर और ट्रक में जोरदार टक्कर, महाकाल दर्शन कर लौट रहे सात लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में महाकाल दर्शन करने आए देवास जिले के लोग गुरुवार रात में लोडिंग ऑटो में सवार होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नागझिरी स्थित पाइप फैक्ट्री चौराहा के समीप तेज गति से आए ट्रक ने लोडिंग ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया।

नागझिरी थाना प्रभारी गहलोत ने बताया कि गुरुवार रात पाइप फैक्ट्री चौराहा नागझिरी में आयशर ट्रक चालक ने लोडिंग ऑटो को टक्कर मार दी। दुर्घटना में लोडिंग वाहन में सवार देवास निवासी बसन्ता बाई,



अम्बाराम, गीताबाई, विष्णु, लीलाबाई पति वजे सिंह, सोनू और लीलाबाई पति मानसिंह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाले वाहन को पुलिस ने बरामद कर लिया। वहीं, चालक अर्जुन निवासी पंवासा को भी हिरासत में ले लिया गया है।

दुर्घटना के बाद वहां से गुजर रहे लोगों की भीड़ लग गई और पुलिस को सूचना दी गई। नागझिरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए। दुर्घटना मे ऑटो चालक सोनू और एक महिला वसंताबाई गंभीर घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार दिया जा रहा है। घायलों ने बताया कि वे सभी देवास के रहने वाले महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आए थे। रात में वे वाहन से वापस लौट रहे थे और हादसा हो गया। जब्त ट्रक में किराने का सामान भरा हुआ है और वह देवास से आ रहा था।

# डीईओ ऑफिस का लिपिक पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार, पेंशन स्वीकृत कराने के बदले मांग रहा था घूस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एक लिपिक को सागर लोकायुक्त की टीम ने शुक्रवार दोपहर पांच हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उसने सेवानिवृत्त शिक्षक की पेंशन स्वीकृत कराने के काम के बदले घूस मांगी थी। हटा ब्लॉक के लोहारी मिडिल स्कूल में शिक्षक के रूप में सेवाएं देने वाले लक्ष्मी कोरी ने बताया कि नवंबर में रिटायर्ड होने के बाद अपनी पेंशन के लिए आवेदन किया था। जिला शिक्षा कार्यालय का बाबू अभिषेक जैन पेंशन प्रकरण बनाने के बदले लगातार रिश्वत मांग रहा था। परेशान रिटायर शिक्षक ने लोकायुक्त में 28 जुलाई को शिकायत की थी। टीम ने परीक्षण किया और शुक्रवार को आरोपी लिपिक को रिश्वत लेते पकड़ लिया। कोरी ने बताया कि जनवरी से अभिषेक जैन उसे परेशान कर रहा था। पहले पंद्रह-बीस हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी। मैं आर्थिक रूप से कमजोर हूं और आर्थिक परेशानी झेल रहा हूं। कई बार निवेदन भी किया, लेकिन अभिषेक जैन नहीं माने। आखिरकार 5000 रिश्वत देने की बात तय हुई और पिछले महीने मैंने सागर लोकायुक्त में जाकर इसकी शिकायत कर दी। शुक्रवार दोपहर कार्यालय के पास आरोपी लिपिक ने मुझे बुलाया और अपनी कार में बैठा लिया। मेरे दस्तावेज देखे और पैसे ले लिए। इसके बाद मुझे छोड़ दिया। टीम पहले से मौजूद थी जिसने आरोपी लिपिक को दबोच लिया है। पीड़ित शिक्षक ने कहा कि आरोपी ने मुझे बहुत परेशान कर दिया था। आज यदि कार्रवाई नहीं होती तो मैं मर जाता। लोकायुक्त टीआई अभिषेक वर्मा ने बताया कि रिटायर्ड शिक्षक की शिकायत पर आरोपी लिपिक अभिषेक जैन को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी ने लिपिक को उसे इस पद से हटा दिया था, लेकिन वह कार्यालय के बाहर से ही यह पेंशन संबंधी कार्य कर रहा था जो रिश्वत लेते पकड़ा गया।

# दुकान के मालिकाना हक को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

## लाठी-डंडे चलने से छह लोग घायल

**शहडोल। मध्यप्रदेश के शहडोल के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के लोग आपस में भिड़ गए। परिवार के दो पक्षों में दुकान का मालिकाना हक को लेकर लाठी-डंडे चल गए। जिसमें छह लोग घायल हो गए।**

दरअसल, शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर नौ में दुकान के मालिकाना हक को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस खूनी संघर्ष में लगभग छह लोग घायल हुए। दोनों पक्षों के घायल लोगों को चोटे पहुंची है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वार्ड नंबर नौ में दुकान के मालिकाना हक को लेकर शुक्रवार की दोपहर झगड़ा हुआ।

पुलिस के मुताबिक गंगा गुप्ता, दिलीप गुप्ता, श्रीराम गुप्ता और अन्य लोग भी घायलों में शामिल है। थाना प्रभारी ने बताया कि शहर



के बीचो-बीच वार्ड नंबर 9 मेन रोड की यह दुकान है, जिसको लेकर दो पक्षों में मालिकाना हक को लेकर विवाद काफी दिनों से चल रहा है। शुक्रवार की दोपहर दोनों पक्षों के लोगों ने झगड़ा शुरू कर दिया। झगड़ा देखते देखते मारपीट में बदल गया और खूब लाठी-डंडे दोनों पक्षों की ओर से चले हैं। स्थानीय लोगों ने घटना की खबर पुलिस को दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को जिन्हें चोटें पहुंची थी उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। बीच शहर में घटना होने की वजह से घटना के दौरान वहां लोग काफी संख्या में इकट्ठा हो गए। जिससे सड़क पर भी आवाजाही कर रहे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्ष लोगों की शिकायत पर मामला दर्ज किया जाएगा। हालांकि अभी जांच की जा रही है।

# गांजे की खेती करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार, 682 गांजे के पौधे सहित 280 ग्राम गांजा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर।** मंदसौर की दलौदा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम आक्या स्थित एक खेत में अवैध मादक पदार्थ गांजे की अवैध खेती करने के मामले में पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में गांजे के पौधे और गांजा भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। दलोदा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आक्या गांव में महू-नीमच फोरलेन हाइवे रोड पेट्रोल पंप के पीछे एक दंपती द्वारा अवैध रूप से गांजे की खेती की जा रही है। मौके पर दबिश दी जाए तो गांजा बरामद हो सकता है। मुखबिर से मिली सूचना पर दलोदा पुलिस ने एक टीम गठित कर आक्या गांव के महू- नीमच हाइवे रोड पेट्रोल पंप के पीछे खेत में दबिश दी। मौके से पुलिस ने 682 गांजे के पौधे बरामद किए। वहीं, एक थैली में 280 ग्राम गांजा भी बरामद किया गया।



## संपादकीय

# राहत पहुंचाने का प्रयास

बैंकों का कारोबार ही इस बात पर टिका होता है कि वे ग्राहकों को अधिक से अधिक कर्ज देकर उनसे ब्याज वसूलें। इसलिए बैंक ग्राहकों को कर्ज देने का प्रस्ताव देते रहते हैं। मगर उस कर्ज के पीछे ब्याज जोडने में वे जिस तरह की मनमानी करते देखे जाते हैं, वह बहुत सारे कर्जदारों के लिए समस्या बन जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ ने एक बार फिर कर्जदारों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया है। उसने संशोधित दिशा-निर्देश जारी कर कहा है कि अगर कोई कर्जदार समय पर किस्त नहीं चुका पाता तो बैंक उससे दंड शुल्क तो वसूल सकते हैं, मगर उस पर चक्रवृद्धि ब्याज नहीं ले सकते। हालांकि यह निर्देश नया नहीं है। अप्रैल में ही इसका प्रस्ताव आया था और मई में आरबीआइ ने दिशा-निर्देश जारी कर कहा था कि बैंक दंड शुल्क पर चक्रवृद्धि ब्याज न वसूलें। मगर बैंकों ने इस पर अमल नहीं किया, जिसके चलते आरबीआइ को संशोधित दिशा-निर्देश जारी करने पड़े हैं। दरअसल, कोरोना महामारी के बाद बहुत सारे लोगों की आमदनी घट गई है, बहुत सारे लोगों के रोजगार छिन गए, फिर महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआइ ने रेपो दरों में बढ़ोतरी कर दी, ऐसे में जिन लोगों ने मकान, दुकान, वाहन आदि के लिए कर्ज लिए थे, उन्हें किस्तें चुकाने में दिक्कतें पेश आने लगी। बहुत सारे लोग आज भी किस्तें चुकाने में विफल हो रहे हैं। ऐसे में बैंकों ने दंड शुल्क को अपने पूंजी निर्माण का जरिया बना लिया। उन्होंने दंड शुल्क पर भी चक्रवृद्धि ब्याज वसूलना शुरू कर दिया। इसे लेकर ग्राहकों ने शिकायत दर्ज कराई और आरबीआइ ने इस पर गंभीरता दिखाते हुए दिशा-निर्देश जारी किए। दरअसल, किस्तें न चुकाने पर दंड शुल्क का प्रावधान इसलिए किया गया था कि ग्राहकों को कर्ज चुकाने को लेकर अनुशासित किया जा सके। दंड शुल्क को मूलधन में शामिल नहीं किया जा सकता। बैंक किस्त की राशि का एक से दो फीसद तक दंड शुल्क लगा सकते हैं। मगर बैंकों ने इसे अपनी पूंजी निर्माण का माध्यम समझ कर दंड शुल्क पर भी ब्याज जोडना शुरू कर दिया। यह कारोबारी नैतिकता के भी खिलाफ है। हालांकि यह प्रवृति भी नई नहीं है। कोरोना काल में जब लोगों की आमदनी बंद हो गई थी, काम-धंधे रुक गए थे, तब सरकार ने हर तरह के कर्जदारों को राहत देते हुए आदेश जारी किया था कि बंदी के समय में अगर कोई व्यक्ति अपनी किस्तें चुकाने में विफल होता है, तो उससे किसी तरह का दंड न वसूला जाए और उन किस्तों का भुगतान उसे बाद में करने की भी सहूलियत दी जाए। मगर बैंकों ने उन किस्तों को मूलधन में जोड़ कर चक्रवृद्धि ब्याज वसूलना शुरू कर दिया था। तब भी आरबीआइ को दखल देना पड़ा था।

# किसान की समस्या

**गौतम बुद्ध की प्रेरक कहानी**



सालों पहले गुमथा गांव में रहने वाला एक किसान काफी दुखी था। वो अपनी जीवन की छोटी-छोटी परेशानियों को लेकर उदास रहता था और अपने दुख के बारे में लोगों को बताता फिरता था। एक दिन उसे किसी ने सलाह दी कि तुम गौतम बुद्ध के पास चले जाओ, वे तुम्हारी समस्याओं का कोई-न-कोई हल जरूर निकल देंगे। उस व्यक्ति की बात सुनते ही दूसरे दिन वो किसान सीधे महात्मा बुद्ध के पास पहुंच गया।

गौतम बुद्ध के पास पहुंचकर उन्हें प्रणाम करते हुए उसने बताया कि मैं एक किसान हूं और मैं खेती करके जीवनयापन करता हूं। मैं यहां अपनी समस्याओं का समाधान लेने के लिए आया हूं। दरअसल, कई बार हमारी फसल अच्छी होती है, तो कभी बिल्कुल भी नहीं होती। इससे मैं बहुत परेशान हो जाता हूं।

इतना कहने के बाद किसान ने आगे कहा कि मेरी पत्नी है और वो मुझसे बेहद प्रेम करती है, पर कभी-कभी वो मुझे बहुत परेशान करती है। उससे मैं तंग आ गया हूं और कभी-कभी लगता है कि अगर वो मेरे जीवन में नहीं आती, तो मैं कितने अच्छे से रहता। इस तरह वह अपनी सारी परेशानियां महात्मा बुद्ध को सुनाता रहा और वो उसकी बातें सुनते रहे। जबतक किसान बात कर रहा था, तबतक गौतम बुद्ध एक शब्द भी नहीं बोले। वो बस ध्यान से किसान की ही बातें सुन रहे थे।

परेशानी बताते हुए किसान बोलता है कि मेरा एक बच्चा भी है। वो है तो काफी अच्छा, पर कई बार मुझे परेशान करता है और मेरा कहना नहीं मानता। उसके ऐसे व्यवहार से मुझे लगता है कि वो मेरा बच्चा नहीं है। ऐसा कहते हुए किसान अपनी सारी परेशानी को बताता गया। इस तरह किसान ने अपने जीवन का सबकुछ, जो उसे सताता था और दुखी करता था, वो गौतम बुद्ध को बता दिया।

अब किसान के पास उन्हें बताने के लिए कुछ भी नहीं बचा और उसका मन काफी हल्का हो गया। महात्मा बुद्ध से सबकुछ कहने के बाद वो उनसे अपनी परेशानियों के समाधान की उम्मीद लगाए बैठ था। काफी देर तक गौतम बुद्ध के जवाब का इंतजार करने के बाद बेसब्र होकर किसान ने ऊंची आवाज में महात्मा बुद्ध से पूछा, 'क्या आप मेरी समस्याओं को लेकर कुछ नहीं कहेंगे?'

तब गौतम बुद्ध बोले, ' मैं तुम्हारी किसी तरह से भी मदद नहीं कर सकता।' किसान ने महात्मा बुद्ध से ऐसे जवाब की उम्मीद नहीं की थी। वो उनका जवाब सुनकर हैरान हो गया। उसे अपने कानों पर भरोसा नहीं हो रहा था। उसने भगवान बुद्ध से पूछा कि ये आप क्या बोल रहे हैं? क्या आप मेरी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते? मैंने सुना है कि आप सभी की समस्याओं का समाधान करते हैं, तो मेरी समस्याओं का क्यों नहीं करेंगे?

महात्मा बुद्ध इस बात पर किसान से कहते हैं कि आपके जीवन में जितनी कठिनाइयां हैं, उतनी हर किसी के जीवन में होती है और सबको अपनी छोटी समस्याएं भी बड़ी लगती हैं। आपके जीवन में कोई ऐसी समस्या नहीं है, जो दूसरों को न हो। हर व्यक्ति को अपने जीवन में सुख-दुख का सामना करना पड़ता है। हम चाहें जितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन हमारे जीवन में सुख और दुख दोनों आएंगे-ही-आएंगे। कई बार हमारे अपने हमें बेगाने लगने लगते हैं, तो कई बारी बेगाने हमें अपने लगने लगते हैं। सभी का जीवन ऐसी समस्याओं से घिरा हुआ है, जिसका कोई समाधान नहीं है।

अगर किसी के जीवन से एक समस्या जाती है, तो दूसरी समस्या आ जाती है। ऐसे में तुम एक समस्या का आज समाधान कर लोगे, तो तुम्हें कल दूसरी समस्या का सामना करना पड़ेगा। यही जीवन का एक अटल सत्य है। बुद्ध की बातें सुनकर किसान को गुस्सा आ जाता है और वो उन्हें बोलता है कि लोग आपको महात्मा कहते हैं। मैंने लोगों से ये भी सुना है कि आप सबकी परेशानी दूर करते हैं, पर मेरी समस्या का निवारण करने के बजाय आप मुझे फिजूल की बातें बता रहे हैं। मैं आपके पास बहुत उम्मीद लेकर आया था, पर अब मुझे लग रहा है कि आपके पास मेरा आना व्यर्थ हुआ। मैंने जो भी आपके बारे में सुना था, वो सब झूठ है।

महात्मा बुद्ध को इतना कहकर किसान वहां से जाने लगता है। तभी उससे भगवान बुद्ध कहते हैं कि तुमने जो समस्याएं बताई हैं, उनका मैं समाधान नहीं कर सकता पर मैं तुम्हारी दूसरी परेशानी का निवारण कर सकता हूं। बुद्ध की बातें सुनकर किसान हैरान हो गया और बुद्ध से कहता है कि मैंने जो समस्या बताई उसके अलावा मुझे कोई और समस्या नहीं है और है भी तो मुझे उसका ज्ञान क्यों नहीं है।

बुद्ध उनसे कहते हैं कि आपकी समस्या यह है कि आप नहीं चाहते हैं कि आपके जीवन में किसी तरह की समस्या हो। खुद को किसी तरह की समस्या न हो, ये सोच रखना ही दूसरी समस्याओं का कारण बनता है। आपको यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि हर व्यक्ति के जीवन में किसी-न-किसी तरह की समस्या होती है। ये सोचना छोड़ दो कि आप इस दुनिया के सबसे दुखी इंसान हो।


आपको अपने आसपास के लोगों को देखना चाहिए, क्योंकि बाकी लोग भी किसी-न-किसी चीज से परेशान और दुखी हैं। जीवन में सुख और दुख आकर ही रहेंगे, उसे कोई नहीं बदल सकता। बस तुम्हें दोनों ही स्थिति में खुद को काबू में रखना होगा। इससे दुख का असर तुमपर ज्यादा नहीं होगा।

ऐसे में तुम्हें यह सोचना छोड़ना होगा कि तुम्हारे जीवन में समस्या न हो। तभी तुम हर समस्या का आसानी से सामना कर पाओगे। बुद्ध की बातें सुनकर किसान उनके पैरों पर गिर गया और उनसें माफी मांगने लगा। वो समझ चुका था कि महात्मा बुद्ध उससे क्या कहना चाह रहे हैं।

**कहानी से सीख**

हमें अपनी छोटी-छोटी परेशानियों के लिए किसी से शिकायत नहीं करनी चाहिए, बल्कि उन परेशानियों का खुद से सामना करना चाहिए।

## रंग भरो



## मुल्ला नसरुद्दीन की

# गरीब का झोला

तुर्की के महान दार्शनिक मुल्ला नसरुद्दीन बहुत चालाक और मजेदार आदमी थे। एक बार की बात है मुल्ला जी कहीं जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने एक गरीब आदमी को देखा। गरीब आदमी बिल्कुल फटे हाल था और उसके पास एक झोला था। वह बहुत ही दुखी दिखाई दे रहा था और अपने नसीब को कोस रहा था। मुल्ला नसरुद्दीन ने उस आदमी से बात करना शुरू कर दिया।



मुल्ला नसरुद्दीन – "अरे भाई! क्या हुआ? तुम बड़े परेशान दिखाई दे रहे हो।"

आदमी बोला – "क्या कहूं मुल्ला जी, इस दुनिया में कितना कुछ है, फिर भी मेरी झोली खाली है। मुझसे ज्यादा बदनसीब कोई नहीं है।"

मुल्ला नसरुद्दीन गरीब का झोला देखकर बोले, "यह तो बहुत ही बुरी बात है और उस गरीब का झोला लेकर भाग गए।"

आदमी चिल्लाते हुए मुल्ला नसरुद्दीन के पीछे भागा – "अरे मेरा झोला! अरे मेरा झोला!"

थोड़ी दूर तक आदमी को भगाने के बाद मुल्ला नसरुद्दीन ने वो झोला सड़क के बीचों-बीच रख दिया और खुद छुप गए। आदमी ने झोला सड़क पर देखा, तो बहुत खुश हुआ। वह झोला उठाकर खुशी से झूमने लगा।

मुल्ला नसरुद्दीन गरीब का झोला छुपकर देख रहे थे, वो भी मन ही मन मुस्कुराये और सोचने लगे – थोड़ा टेढ़ा ही सही, लेकिन आदमी को खुश करने का अच्छा तरीका है।

**कहानी से सीख**

हमारे पास जो भी है, हमें उसमें संतुष्ट रहना चाहिए, क्योंकि कुछ लोगों के पास उतना भी नहीं होता है।

## Highlights

1. Unacademy profile deleted, there may be political pressure: Sacked teacher Karan
2. Video shows Rahul watching football match during his Leh visit
3. Everyone knows their neighbours' caste in Bihar, how does caste survey violate privacy: SC
4. Never seen anything like this in Shimla: Resident on devastation
5. IIT has become God, it's parents' fault too: CM Gehlot on Kota students' suicides

# Pyramid Technoplast IPO: Public offering opens for subscription. Check status




**NEW DElHI, (Agency).** Pyramid Technoplast IPO: The initial public offering (IPO) of Pyramid Technoplast Limited opened for subscription on Friday, with August 22 being the last day to subscribe. Based in Mumbai and incorporated in 1997, Pyramid Technoplast Limited is an industrial packaging company that manufactures polymer-based molded products.

Here is all you need to know about the company's IPO:

IPO status: According to Moneycontrol, the IPO subscribed 78% on the first day itself, receiving bids at 59.3 lakh equity shares against the size of 75.60 lakh shares.

Important dates: The public offer opened on August 18 and is available till August 22. Share allocation and listing on exchanges may take place on August 25 and 30, respectively, according to HT's sister publication Mint.

IPO size and share price: The company aims to raise ₹153.05 crore; on August 17, a day before the opening, it raised ₹27.55 crore via anchor book. The price band, on the other hand, has been fixed at ₹151 to ₹166 per share.

IPO lot size: Bidders will be able to apply in lots, with 90 Pyramid Technoplast shares in each lot, as per Mint.

# X to get rid of ability to block accounts: Elon Musk

**NEW DElHI, (Agency).** X, the social media platform formerly known as Twitter, will remove the ability for users to block other accounts, owner Elon Musk said in a post Friday.

Musk, who acquired Twitter last year for $44 billion and has set about overhauling the social media site, said blocking will still be possible for direct messages, but that it would be deleted as a "feature."

Blocking has been a popular safety tool that helps users



protect themselves from unwelcome interactions on X. It ensures that blocked accounts won't see your posts — and that their posts won't show up in your feed. The blocked account also can't direct-message you.

People will still be able to mute other accounts, which means they won't see that user's posts. But a muted account can see the person's posts, respond to them and repost them to their own followers with commentary. Muted accounts also can still send direct messages.

Since he acquired the platform, Musk has rolled back safety policies that Twitter had in place. He's also fired content moderators and reinstated formerly banned users who broke previous rules. Advertisers have left the platform, contributing to a 50% drop in ad revenue.

In response to criticism about how the changes have affected the platform's safety, X Chief Executive Officer Linda Yaccarino has said "more than 99% of content users and advertisers see on Twitter is healthy." She hasn't disclosed what defines "healthy" or how the company calculates that measurement.

## Uttarpradesh

# बरेली में फिर बवाल: शीशगढ़ में धार्मिक टिप्पणी से आक्रोशित भीड़ ने आरोपी का घर घेरा, पथराव; सीओ से धक्कामुक्की

**बरेली, (एजेंसी) बरेली के शीशगढ़ में इंस्टाग्राम पर किशोर की ओर से की गई धार्मिक टिप्पणी से कस्बे में तनाव फैल गया गया। दूसरे समुदाय की भीड़ ने पहले थाना घेरा, फिर आरोपी के घर पहुंच गई। भीड़ ने बाहर से घर बंद कर पथराव किया। समझाने पहुंचे सीओ से भी धक्कामुक्की कर दी। देर रात हजारों लोगों की भीड़ घर के सामने मैदान में बैठ गई। रात करीब दो बजे पुलिस ने दोनों किशोरों को पकड़ लिया, तब जाकर भीड़ शांत हुई।**



शीशगढ़ कस्बे में रामलीला ग्राउंड के सामने रहने वाला शख्स मोबाइल कंपनी का स्थानीय डीलर है। उनका 14 साल का बेटा कक्षा नौ में पढ़ता है। बताते हैं कि बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम पर बहस के दौरान उसके बेटे ने दूसरे समुदाय को लेकर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी कर दी। दूसरे समुदाय के लोगों ने इसका स्क्रीनशॉट ले लिया। फिर उस पर तीखे कमेंट लिखकर वायरल किया गया। शुक्रवार शाम तक मैसेज पूरे कस्बे में आग की तरह फैल गया। रात नौ बजे भीड़ ने पहले थाना घेर लिया। तमाम व्यापारी भी दुकानें बंद कर भीड़ में शामिल हो गए। यहां कुछ लोगों ने थाने के अंदर जाकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। थाने से पुलिस की टीम आरोपी के घर के लिए रवाना हुई तो पीछे से भीड़ भी पहुंच गई।

आरोपी के घर में ताला लगा मिला। तब भीड़ ने घर घेरकर पत्थर और चप्पलें फेंकनी शुरू कीं। इस बीच मीरगंज व बहेड़ी सर्किल के थानों की पुलिस मौके पर आ गई। सीओ बहेड़ी तेजवीर सिंह पीएसी लेकर मौके पर पहुंच गए। सीओ ने भीड़ को समझाने की कोशिश की तो उनसे भी धक्कामुक्की की गई। बाद में भीड़ रामलीला ग्राउंड में धरना देने बैठ गई।

## New Delhi

### एक रात, 3 वारदात... छुरा घोंपा, गला रेता, चाकूबाजी की घटना से सहमी दिल्ली, 1 की मौत, 2 जख्मी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) उत्तर पूर्वी दिल्ली इलाके में एक ही रात में तीन शातिर बदमाशों ने लूट के इरादे से एक के बाद एक तीन अलग-अलग लोगों पर हमला किया. इतना ही नहीं बदमाशों ने तीन लोगों को चाकू भी मारा. इसमें एक शख्स की मौत हो गई. जबकि दो लोगों ने किसी तरह छप में छिपकर, या अंधेरा का फायदा उठाकर अपनी जान बचाई.**

दरअसल, दिल्ली पुलिस को लूट और चाकूबाजी की पहली कॉल रात के 11:33 पर मिली, जबकि दूसरी कॉल 12:30 पर और तीसरी कॉल 1:02 पर मिली. बदमाशों ने पहला शिकार शेर मोहम्मद को बनाया. बदमाशों ने उसे चाकू मारा, लेकिन वह एक घर के अंदर छिप गया और उससे लूट नहीं हो पाई.

वहीं, इसके 1 घंटे बाद बदमाशों ने गुफरान के पीठ में चाकू मारा और उसका मोबाइल छीन लिया. हमले में गुफरान की मौत हो गई. बदमाशों का तीसरा शिकार बना शारिक. बदमाशों ने शारिक के गले में चाकू मारा लेकिन शारिक इसके बावजूद एक घर में घुस गया और अपनी जान बचा ली.

## Haryana

### लिव-इन पार्टनर ने फिजिकल रिलेशन से किया इनकार, युवक ने पेंचकस से गोदा... गुरुग्राम में दिल दहला देने वाली घटना

**गुरुग्राम, (एजेंसी)** साइबर सिटी गुरुग्राम के नाहरपुर रूपा इलाके में 28 साल की युवती पर लिव-इन पार्टनर ने पेंचकस से जानलेवा हमला कर दिया. यह घटना गुरुवार शाम 4 बजे की है. युवती अपने घर में थी, तभी यूपी का रहने वाला शिवम उसके घर पहुंच गया. वो युवती पर शारीरिक संबंध बनाने का दवाब बनाने लगा. युवती ने विरोध किया तो युवक ने उसके गले और चहरे पर पेंचकस से ताबड़तोड़ हमले कर दिए. एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने कहा कि आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर लिया गया है. शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि शिवम और युवती एक साल से लिव-इन में रह रहे थे. दोनों यूपी के रहने वाले हैं. शिवम युवती को शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करता था.

## Bihar

### अररिया पत्रकार मर्डर में बिहार पुलिस का बड़ा एक्शन, 24 घंटे में मुख्य आरोपी समेत 4 गिरफ्तार

**अररिया, (एजेंसी)** बिहार के अररिया जिले के रानीगंज में पत्रकार पत्रकार विमल यादव की गोली मारकर हत्या करने के मामले में बिहार पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को वारदात के 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले में विस्तृत जानकारी देगी। सीएम नीतीश कुमार ने पत्रकार विमल यादव की हत्या को लेकर गहरा दुख जताया और कहा था कि पुलिस पदाधिकारियों को जल्द और ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस हत्याकांड के तार जेल से जुड़ रहे हैं। पकड़े गए अपराधियों में कांड का मुख्य आरोपी भी शामिल है। 18 अगस्त को विमल यादव को उनके घर के बाहर बुला कर हत्या कर दी गई थी। जिसने गोली चलाई थी वह भी पकड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक सुपौल जेल में बंद अपराधी रुपेश यादव उन्हें धमकी दे रहा था। अब पुलिस यह पता लगाने में जुट गई है कि सुपौल जेल में रूपेश यादव से मिलने के लिए कौन-कौन लोग जाते थे।

पुलिस ने देर रात इन चारों को पकड़ लिया।जानकारी के मुताबिक पकड़े गए लोग विमल यादव के आस-पास के ही हैं। पत्रकार को अपने छोटे भाई गब्बू यादव उर्फ शशि भूषण यादव हत्याकांड में गवाही देने से मना किया जा रहा था। अभी तक यही बात सामने आ रही है

## खेल

# भारत ने डकवर्थ लुईस नियम से पहला टी20 जीता, 327 दिन बाद वापसी करने वाले बुमराह 'प्लेयर ऑफ द मैच'

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत और आयरलैंड के बीच टी20 सीरीज का पहला मुकाबला भारत ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत दो रन से जीत लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 139/7 का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में टीम इंडिया ने इसके जवाब में टीम इंडिया ने 6.5 ओवर में 47/2 का स्कोर बनाया। इसके बाद बारिश आ गई और आगे का खेल नहीं हो सका। अंपायरों ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारतीय टीम को विजेता घोषित किया।**



इस मैच में भारत के लिए दो तेज गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। जसप्रीत बुमराह ने 11 महीने बाद भारत के लिए कोई मैच खेला और पहले ही ओवर में दो विकेट चटकाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा भले ही अपने करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच खेल रहे थे, लेकिन वनडे में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उनकी वापसी पर भी सभी की नजरें थीं और उन्होंने भी दो विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। दोनों तेज गेंदबाज सर्जरी के बाद मैदान में वापसी कर रहे थे और दोनों ने शानदार प्रदर्शन किया।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। 327 दिन बाद वापसी कर रहे भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में एंड्रयू बालबर्नी और लोरन टकर को आउट कर आयरलैंड को बैकफुट में ढकेल दिया। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने हैरी टेक्टर और जॉर्ज डॉकरेल को पवेलियन भेजा। आयरलैंड की टीम पावरप्ले में चार विकेट खोकर महज 30 रन ही बना पाई। भारत के लिए वापसी कर रहे बुमराह और कृष्णा ने आयरलैंड को बैकफुट में ढकेल दिया था। बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई ने कप्तान पॉल स्टर्लिंग और मार्क अडायर को आउट कर दिया।

31 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद आयरलैंड के टीम बहुत मुश्किल में दिख रही थी, लेकिन मार्क अडायर और कर्टिस कैंफर ने 28 रन जोड़ टीम को थोड़ी बेहतर स्थिति में पहुंचाया। अडायर 16 रन बनाकर बिश्नोई का शिकार बने।

59 रन पर आयरलैंड के छह विकेट गिर चुके थे। इसके बाद मैकार्थी ने कैंफर के साथ अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया। दोनों ने तेज गति से रन बनाए। अंत में अर्शदीप ने कैंफर को 39 रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया। हालांकि, मैकार्थी दूसरे छोर पर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते रहे और अपने टी20 करियर का पहला अर्धशतक जड़ दिया। उन्होंने 33 गेंद में नाबाद 51 रन बनाए और टीम का स्कोर 139/7 तक पहुंचाया।

## सिनेमा

### ओएमजी 2 मूवी 85 करोड़ रुपये कमा कर ही कैसे हो गई बड़ी हिट, जानें जवाब




अक्षय कुमार की मूवी ओएमजी 2 को कई ट्रेड एक्सपर्ट्र्स सोशल मीडिया पर बड़ी हिट लिख रहे हैं। अक्षय कुमार खुद भी दर्शकों का आभार जता चुके हैं। इन पोस्ट के कमेंट्स सेक्शन में कई लोगों के सवाल दिख रहे हैं। इनमें पूछा गया है कि 150 करोड़ रुपये में बनी फिल्म 85 करोड़ कमाने पर सुपरहिट क्यों कही जा रही है। दरअसल कुछ प्लैटफॉर्म्स पर ओएमजी 2 का बजट 150 करोड़ रुपये दिख रहा है। ऐसे में लोग कन्फ्यूज हो रहे हैं कि अभी तो लागत भी नहीं निकली और फिल्म को सुपरहिट क्यों कहा जा रहा है। यहां जानें क्या है फिल्में हिट या फ्लॉप होने का फॉर्मुला।

ओएमजी 2 फिल्म दर्शकों को पसंद आ रही है। फिल्म 100 करोड़ क्लब में पहुंचने से कुछ ही दूर है। सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफ में कई क्रिटिक्स और ट्रेड एक्सपर्ट्र्स के पोस्ट हैं। इनमें फिल्म को सुपरहिट बताया गया है। इस बीच लोगों के बीच भी फिल्म के बजट को लेकर बहस छिड़ गई है। बता दें कि पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक ओएमजी 2 का बजट 50 करोड़ है। फिल्म सीमित माहौल में बनी है, जैसे ज्यादातर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की फिल्में बनती हैं। इसकी प्रोडक्शन कॉस्ट 50 करोड़ रुपये है। वहीं ओएमजी के प्रोड्यूसर ने बताया कि अक्षय कुमार ने फिल्म के लिए 1 रुपया भी नहीं लिया।

# ऑनलाइन ठगी : क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई कर वापस करवाए रुपए

## ठगोरों ने सात लोगों को बनाया अपना शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **ऑनलाईन ठगी की 7 शिकायतों पर एक्शन लेते हुए क्राइम ब्रांच ने आवेदकों के 1 लाख 89 हजार 736 रूपये वापस करवाए हैं। ठग ने आवेदकों से बैंकिंग एवं निजी जानकारी लेकर ऑनलाइन फ्रॉड किया था। लोगों का गूगल पर संबंधित बैंक व कंपनी का कस्टमर केयर नंबर सर्च करने के दौरान ठग से संपर्क हुआ था।**

दरअसल, क्राइम ब्रांच इंदौर की फ्रॉड इंवेस्टीगेशन सेल की टीम द्वारा आवेदकों से फ्राड की शिकायत में संपूर्ण जानकारी लेकर जांच की गई। जिसमें पता चला कि आवेदक नवीन निवासी इंदौर ने लाइफ इंश्योरेंस को डिएक्टिव करने के लिए गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च किया तो उसका ठग व्यक्ति से संपर्क हुआ। ठग ने झूठा आश्वासन देते हुए आवेदक को इंश्योरेंस डिएक्टिव करने के लिए फर्जी लिंक भेजी और आवेदक के एसबीआइ क्रेडिटकार्ड डिटेल्स प्राप्त कर, आवेदक के एसबीआइ क्रेडिटकार्ड से 31,068 रुपए आहरित होकर ऑनलाइन ठगी की गई, जिस पर क्राइम ब्रांच टीम ने तुरंत कार्रवाई कर संबंधित एसबीआइ से संपर्क कर आवेदक के 31 हजार 68 रुपए रिफंड करवाए।

- इसी तरह आवेदक आशीष का रिचार्ज किए बिना पैसे डेबिट हो गए थे। जिसपर जानकारी के लिए गूगल पर ओटीटी कम्पनी नंबर सर्च करने पर फ्रॉड व्यक्ति से संपर्क हुआ। जिसने अपने आप को संबंधित कंपनी का स्टाफ बताकर पैसे रिफंड करने के नाम से क्रेडिटकार्ड की डिटेल्स और ओटीपी जानकारी प्राप्त कर,आवेदक के साथ 7,500 रुपए की ठगी की। जिस पर क्राइम ब्रांच ने संबंधित बैंक एवं कंपनी से संपर्क कर आवेदक की आहरित राशि 7,500 रुपए रिफंड करवाए।

- वहीं आवेदिका सुभा का ट्रांसपोर्ट संबंधित कार्य होने से गूगल पर भारद्वाज ट्रांसपोर्ट कंपनी का कस्टमर केयर नंबर सर्च करने पर ठग व्यक्ति से संपर्क हुआ, जिसके द्वारा अपने ट्रांसपोर्टेशन चार्जेस के नाम पर आवेदक से एडवांस पेमेंट करने का बोलकर 36 हजार रुपए प्राप्त कर ठगी की गई। शिकायत के बाद रुपए रिफंड करवाए गए।

- आवेदक रमेश निवासी इंदौर ने सेवा बंद करने के लिए गूगल पर एसबीआइ बैंक का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया तो ठग व्यक्ति से संपर्क हुआ, जिसके द्वारा स्वयं को बैंक अधिकारी बताते हुए क्रेडिटकार्ड बंद करने का झूठा आश्वासन देते हुए आवेदक से बैंक ओटीपी जानकारी प्राप्त कर आवेदक के क्रेडिटकार्ड से 38 हजार 120 रुपए आहरित कर ठगी की गई। शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने रुपए रिफंड करवाए।

- आवेदक पवन निवासी इंदौर ने एक्टिवेशन प्रोसेस जानने के लिए गूगल पर एसबीआइ कस्टमर केयर नंबर सर्च किया तो ठग व्यक्ति से संपर्क हुआ। ठग ने झूठा आश्वासन देते हुए आवेदक को एक्टिवेशन प्रोसेस में ओटीपी प्राप्त कर आवेदक के एसबीआइ क्रेडिटकार्ड से 50 हजार रुपए आहरित होकर ऑनलाइन ठगी की गई। शिकायत के बाद रुपए रिफंड हुए।

- आवेदक विवेक के द्वारा पीएफ से संबंधित कार्य होने से गूगल पर पीएफ कस्टमर केयर नंबर सर्च करने पर ठग व्यक्ति से संपर्क हुआ, जिसके द्वारा खुद को संबंधित पीएफ कंपनी का होना बताकर आवेदक से लिंक के माध्यम से जानकारी प्राप्त करते हुए 15 हजार रुपए की ठगी की गई। शिकायत के बाद रुपए रिफंड हुए।

- आवेदिका जया का फैबलिस शॉपिग साइट का गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च करने पर ठग व्यक्ति से संपर्क हुआ, जिसके द्वारा खुद को संबंधित फैबलिस कंपनी का होना बताकर आवेदिका से लिंक के माध्यम से जानकारी प्राप्त करते हुए 12 हजार 48 रुपए की ठगी की गई। शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने रुपए रिफंड करवाए

## बहन को लेने पहुंचे भाई को जीजा ने पीटा

**इंदौर**। बहन को लेने ससुराल पहुंचे भाई की जीजा ने जमकर पिटाई कर डाली । साला अपनी मां के साथ बहन को लेने के लिए घर पहुंचा था। चंदननगर थाने में फरियादी अरशद खान पिता अनीश खान निवासी गीता नगर की शिकायत पर उसके जीजा सलमान खान निवासी डायमंड पैलेस के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी अरशद ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मां तस्लीम बी के साथ बहन सायमा के घर डायमंड पैलेस उसे लेने गया था। वहां पर उसके जीजा सलमान इसी बात पर नाराज हो गया कि वह बिना बताए उसकी पत्नी को लेने क्यों आए हैं। दोनों में कहा सुनी हो गई बात इतनी बढ़ गई कि सलमान ने अरशद की पिटाई कर डाली।

## कलयुगी बेटे-बहु ने बुज़ुर्ग को पीटा

**इंदौर**। कलयुगी बेटे बहू ने बुजूर्ग के साथ मारपीट की है । बुजुर्ग ने अपनी बहू को घर की सफाई करने को कहा था। इससे वह नाराज हो गई । उसने जब ससुर से मारपीट शुरू की उसी दौरान उसका पति आ गया उसने भी बूढ़े पिता पर हाथ साफ किए। मानपुर पुलिस ने बाबूलाल चौहान निवासी ग्राम हसलपुर की शिकायत पर उसके बेटे पप्पू और बहू दीपा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। बाबूलाल ने पुलिस को बताया कि वह घर पर था, उसने बहु दीपा को घर में से कचरा साफ करने के लिए कहा। इसी बात पर दीपा नाराज हो गई । उसे गालियां देने लगी। बाबूलाल ने विरोध किया तो बहू ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान बाबूलाल का बेटा पप्पू आ गया पप्पू ने भी अपनी पत्नी का साथ देते हुए बुजुर्ग पिता को डंडों से पीटा।

## युवक ने की खुदकुशी

**इंदौर**। एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक का नाम नीरज पिता अशोक सिंह निवासी राजाराम नगर बाणगंगा है। उसके भाई शैलेंद्र ने बताया कि नीरज पहले स्टीम प्रेस का काम करता था। कोरोना के दौरान उसका काम बंद हो गया। उसके बाद नया काम शुरू नहीं हो पाया। लंबे समय से वह डिप्रेशन में था। रात को छत पर टहल रहा था ,उसकी पत्नी ने उसे कमरे में आने को कहा और फिर सो गई। देर रात तक जब नीरज कमरे में नहीं आया तो परिवार वालों ने उसे ऊपर तलाशा। वह छत पर बने छोटे से कमरे में फांसी के फंदे पर टंगा हुआ मिला। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

मामला दसवीं के छात्र की खुदकुशी का...

# इंटरनेट पर खोजा था सुसाइड का तरीका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पिछले हफ्ते 10वीं के छात्र के सुसाइड मामले में पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस का दावा है कि स्टूडेंट ने सुसाइड से पहले यू ट्यूब पर तरीके खोजे थे। उसने मोबाइल में तीन बार सुसाइड कैसे करें सर्च किया था। इसके बाद इंस्टाग्राम और स्नैपचैट पर बाय बाय लिखकर फंदे पर लटक गया। परिवार का आरोप है कि स्टूडेंट अपनी टीचर से परेशान था। स्कूल प्रबंधन ने परिवार के आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस मामले की जांच अभी कर रही है। घटना 12 अगस्त की है। लसूड़िया इलाके में रहने वाले 10वीं के स्टूडेंट सौम्य पिता स्व. मुकेश जायसवाल स्कूल से लौटा। वह स्कीम नंबर 54, निपानिया स्थित न्यू ईरा स्कूल में पढ़ता था। परिवार का आरोप है कि सौम्य अपना सेक्शन चेंज करना चाह रहा था। लेकिन स्कूल में मैनेजमेंट इस बात पर राजी नहीं था। परिवार का आरोप है कि उसे क्लास की टीचर टॉर्चर कर रही थी। सौम्य को क्लास में मस्ती करने के चलते एक सप्ताह के लिए सस्पेंड भी किया गया था। को परिजन लसूड़िया थाने पर एएसआइ यादव से मिले। इस मामले में परिवार टीचर पर केस दर्ज करने की मांग कर रहा है। भाई सुमित ने बताया कि सौम्य के मस्ती करने पर उसकी कम्प्यूटर टीचर लगातार टॉर्चर कर रही थी। 28 जुलाई को उसे 7 दिन के लिए स्कूल नहीं आने की बात कही गई। इसके बाद वह 9 अगस्त से फिर से स्कूल जा रहा था। 26 जुलाई को टीचर की शिकायत करने मैं खुद स्कूल गया था। सुसाइड के बाद स्कूल प्रबधंन ने टीचर को छुट्टी पर भेज दिया। लसूड़िया थाना पुलिस का कहना है कि तीन बिंदु पर जांच की जा रही है। पहला परिवार का बयान दूसरा ये कि वह पढ़ाई में कमजोर था। और तीसरा बिंदु यह है कि सौम्य अपनी किसी दोस्त से चैटिंग करता था। जिसके मैसेज और कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही है।

## सड़क हादसे में मौत

**इंदौर।** एक युवक की सडक़ हादसे में मौत हो गई । मृतक का नाम बंटी पिता सतीश निवासी मूसाखेड़ी है। वह इंदौर में मजदूरी करता था । पिछले दिनों वह अपने दोस्त के साथ देवास के बागली से काम पर से लौट रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया । परिजन उसे इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर आए थे यहां उसने दम तोड़ दिया।

## दो पक्षों में विवाद, थाने पहुंच दर्ज करवाई शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। राऊ थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों पक्ष थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई । घटना स्टेशन रोड की है। पुलिस को संदीप पिता मधुसूदन जाधव ने शिकायत दर्ज करवाई कि राजेश सोनी ने मेरे पिता से कहा कि मेरे घर के सामने नींबू काटकर क्यों फेंके। सोनी ने कहा कि तुम जादू-टोने क्यों कर रहे हो, इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। संदीप ने राऊ पुलिस को राजेश सोनी और मुकेश सोनी की शिकायत दर्ज करवाई और बताया कि दोनों ने मेरे और मेरे पिताजी के साथ पाईप से मारपीट की। बीचबचाव करने आई संदीप की बहन कोमल भी हाथापाई का शिकार हो गई। इधर राजेश सोनी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उन्होने मधुसूदन जाधव को घर के सामने नींबू काटकर फेंकने पर टोका तो जाधव ने कहा कि मेरी तबीयत खराब रहती है इसके बाद मधुसूदन और बेटे संदीप ने मेरे साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**इंदौर।** पीथमपुर पीथमपुर-राऊ फोरलेन पर कपिला चौराहा के समीप बीती रात दुर्घटना हो गई। इसमें बाइक को कंटेनर ने टक्कर मार दी। बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार दो घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद कंटेनर भी पलट गया। पेट्रोलिंग कर रहे थाना प्रभारी संतोष दूधी बल लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे व शव को सामुदायिक केन्द्र भिजवाया व क्रेन से कंटेनर को हटवाकर यातायात सुचारू किया। थाना प्रभारी दूधी ने बताया कि महिला की पहचान वर्षा पिता रिदमलाल कोल उम्र 23 वर्ष निवासी पटेल मोहल्ला पीथमपुर के रूप में हुई है।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।